केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/मीडिया व जन-संपर्क/परामर्श/2025 दिनांक: 28.08.2025

सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों/संस्थानों के
सभी प्रधानाचार्य/विद्यालय प्रमुख

विषय: सीबीएसई पॉडकास्ट एवं सोशल मीडिया पहलों में भागीदारी हेतु विद्यार्थियों का नामांकन

माननीय महोदय/महोदया,

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने विभिन्न शैक्षणिक एवं परामर्श विषयों पर शैक्षिक पॉडकास्ट तथा डिजिटल सामग्री का स्व-निर्माण प्रारंभ किया है। यूट्यूब जैसे सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध कराए जा रहे ये पॉडकास्ट, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालयों को सार्थक मार्गदर्शन, जागरूकता तथा सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं।

इन पहलों को अधिक सुसंगत एवं छात्र-केंद्रित बनाने हेतु सीबीएसई का प्रस्ताव है कि सीबीएसई के आधिकारिक सोशल मीडिया पॉडकास्ट, सामग्री एवं संचार में उपयोग के लिए छात्रों की आवाज़ को संक्षिप्त वीडियो/ऑडियो संवाद, शंसापत्र एवं वार्तालाप के माध्यम से शामिल किया जा सकता है।

अतः सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों से अनुरोध है कि कक्षा IX से XII तक के ऐसे विद्यार्थियों का नामांकन करें जो स्पष्ट रूप से अभिव्यक्ति दे सकें, आत्मविश्वास युक्त हों तथा सीबीएसई के सोशल मीडिया कंटेंट/पॉडकास्ट में भाग लेने में रुचि रखते हों। यह भागीदारी पूर्णत: स्वैच्छिक है जिसके लिए संबंधित विद्यालय के माध्यम से छात्र तथा उनके अभिभावक की लिखित सहमति आवश्यक होगी।

इच्छुक विद्यालय नामांकित विद्यार्थियों के नाम एवं संक्षिप्त परिचय सीबीएसई को गूगल फ़ॉर्म https://forms.gle/oJbJaYPaYBb7ifjN9 के माध्यम से इस परिपत्र के जारी होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर भेज सकते हैं।

यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि यह अवसर वैकल्पिक है तथा विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति का अच्छा मंच प्रदान करने तथा सीबीएसई की जनसंपर्क पहलों में योगदान देने के प्रयोजन से है। इस पहल में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को प्रेरित करने एवं मार्गदर्शन देने में आपका सहयोग सराहनीय है।

शुभकामनाओं सहित,

हस्ता/-
(हिमांशु गुप्ता)
सचिव

प्रतिलिपि: निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित :

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
11. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल - लद्दाख
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश - 521456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
14. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
15. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं. 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
16. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श स्कूल संगठन, नंबर-1/9, नयापल्ली, पी.ओ. सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला-खोर्दा, ओडिशा-751005
17. अध्यक्ष, सीबीएसई के उस सचिव
18. सभी निदेशक/विभागाध्यक्ष, सीबीएसई
19. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
22. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई),सीबीएसई को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।

हस्ता/-
सचिव